# विषय:- भारतीय संस्कृति के शिक्षक का पैनल

**(क)** **विज्ञापन जारी करना**

## <u>विज्ञापन</u>

विदेशों में आईसीसीआर के सांस्कृतिक केंद्रों में अल्पावधि संविदात्मक कर्य के लिए भारतीय संस्कृति के शिक्षक के रूप में तैनाती के लिए भारतीय नागरिकों से एक निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं । उम्मीदवार के पास योग, वेद, उपनिषदों, भारतीय दर्शन और संस्कृत भाषा के सिद्धांत और अभ्यास के शिक्षण की क्षमता होनी चाहिए। आवेदक के पास योग का न्यूनतम 5 वर्ष का शिक्षण अनुभव और अंग्रेजी भाषा का अच्छा कार्य ज्ञान होना चाहिए।

अभ्यर्थी उपरोक्त पद के लिए निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन करें। अधिक जानकारी के लिए, आईसीसीआर की वेबसाइट www.iccr.gov.in. को देखें। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 24 नवंबर, 2020 है।

## विस्तृत विज्ञापन

## भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्

### आजाद भवन, आई.पी. इस्टेट, नई दिल्ली - 110 002

**अनिवार्य अर्हताएं और अनुभव**

यूजीसी अधिनियम के अंतर्गत स्थापित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ योग में स्नातक अथवा यूजीसी अधिनियम के अंतर्गत स्थापित किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक और यूजीसी अधिनियम के अंतर्गत स्थापित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से योग अध्ययन/योग विज्ञान में 55% अंकों के साथ से न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का स्नातकोत्तर डिप्लोमा।.

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित क्यूसीआई की योग व्यावसायिक क्षमता परीक्षा का स्तर II.

आवेदक को यूजीसी से मान्यताप्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय/कॉलेज, प्रतिष्ठित स्कूल/संगठन से योग के शिक्षण और प्रशिक्षण/व्यावहारिक का न्यूनतम 5 वर्ष की अवधि का अनुभव होना चाहिए।

उम्मीदवार को योगाभ्यास का प्रदर्शन कौशल होना चाहिए।
उम्मीदवार के पास योग, वेद, उपनिषदों, भारतीय दर्शन, इतिहास और संस्कृति, संस्कृत भाषा के सिद्धांत और अभ्यास के शिक्षण और सांस्कृतिक केंद्र और अन्य स्थानों पर वार्ता/व्याख्यान देने की क्षमता होनी चाहिए।

अंग्रेजी भाषा में प्रवाह की अनिवार्यता है।

विदेशी भाषा का ज्ञान एक अतिरिक्त श्रेष्ठता होगी। उम्मीदवार को पहल करनी होगी और छात्रों को अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ को प्राप्त करने में मदद करने का प्रयास करना होगा।

**वांछनीय:** (1) योगिक अभ्यास को करने की व्यावहारिक क्षमता (2) विभिन्न स्तरों पर योग के निर्देश देने का अनुभव (3) कंप्यूटर प्रचालन का श्रेष्ठ ज्ञान और इसका (4) हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत भाषा का श्रेष्ठ ज्ञान (5) भारत और विदेश में विदेशी छात्रों को पढ़ाने का अनुभव (6) उम्मीदवारों को अंतरराष्ट्रीय छात्रों से निपटने के लिए लिखित और बोली जाने वाली अंग्रेजी दोनों में प्रभावी संचार कौशल होना चाहिए (7) उम्मीदवार को पहल करनी चाहिए और छात्रों को अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ को प्राप्त करने में मदद करने का प्रयास करना चाहिए।

**आयु:** आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार 50 वर्ष से अनधिक।

## सामान्य निबंधन एवं शर्तें

संलग्न प्रपत्र के अनुसार विस्तृत जीवन-वृत्त के साथ एक सादे कागज पर अंग्रेजी में आवेदन भर कर 24 नवम्बर, 2020 तक उपनिदेशक सामान्य (एएंडई) कार्यालय, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्, आजाद भवन, आईपी इस्टेट, नई दिल्ली -110002 को भेजे जा सकते हैं। सेवारत अभ्यर्थी केवल उचित माध्यम से ही आवेदन करें।

चयनित अभ्यर्थियों को आईसीसीआर, आजाद भवन, नई दिल्ली में साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा जिसके लिए कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा।

*जिन आवेदकों ने पांच वर्षों के लिए आईसीसीआर अनुबंध पर पहले ही विदेश में अपनी सेवाएं दी हैं, वे आवेदन के पात्र नहीं है।*

चयनित अभ्यर्थियों के नाम को चयनित समिति द्वारा गठित एक पैनल में रखा जाएगा और रिक्तियां होने पर उनके नामों पर विचार किया जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी बारी आने पर इस अनुबंध को अस्वीकार करते हैं, तो उनके नाम को पैनल से हटा दिया जाएगा एवं उन्हें और कोई अवसर नहीं प्रदान किया जाएगा। आईसीसीआर के पास कोई कारण बताए बिना किसी भी अभ्यर्थी को रद्द करने अथवा उपर्युक्त निबंधन व शर्तों में बदलाव करने का अधिकार है।

## <u>नियुक्ति हेतु निबंधन एवं शर्तें</u>

1. उन्हें प्रतिमाह निर्वाह व्यय के रूप में उक्त मिशन में नियुक्त सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) के बेसिक स्तर पर निर्धारित पारिश्रमिक के समान मानदेय प्राप्त होगा किंतु यह गैर-प्रतिनिधात्मक और अराजपत्रित पद होगा।

2. अभ्यर्थी को अपने पति/ पत्नी और बच्चों को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। यह परिवार रहित अनुबंध होगा। परिषद् की तैनात कार्मिक के किसी भी पारिवारिक सदस्य के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

3. अभ्यर्थी को मिशन द्वारा यथा उपयुक्त सेवा/स्टुडियो आवास सुविधा प्रदान किया जाएगा।

4. अभ्यर्थी को अनुमोदित मार्ग के जरिये वायु मार्ग से 200 किग्रा समान के साथ आने-जाने का अंतराष्ट्रीय वायु सुविधा अथवा समुद्र मार्ग से 400 किग्रा समान के साथ समुद्री यात्रा सुविधा प्रदान की जाएगी जिसमें एयरलाइन द्वारा प्रदान की गई नि:शुल्क समान भत्ता शामिल है।

5. अभ्यर्थी तैनाती की समग्र अवधि के दौरान बीच में ही घर जाने और आपात यात्रा का अधिकार नहीं होगा। आपातकालीन यात्रा संबंधी हवाई खर्चा का वहन अभ्यर्थी स्वयं उठाएगा।

6. परिषद् अभ्यर्थी को चिकित्सा सुविधा प्रदान करेगा। इसे एएमए के तहत कवर किया जाएगा। तथापि, उन्हें यह कहते हुए तैनाती से पहले किसी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त अस्पताल/प्रयोगशाला से चिकित्सा फिटनेस प्रमाणपत्र देना होगा कि वे रक्तचाप, मधुमेह, दमा अथवा अन्य किसी गंभीर बीमारी के रोगी नहीं हैं।

7. परिषद् चिकित्सा अथवा अन्य किसी आधार पर संविदा के विस्तार के किसी अनुरोध पर विचार नहीं करेगा। अनुमोदन के बिना ठहराव में कोई भी विस्तार अभ्यर्थी के अपने जोखिम और लागत पर होगा।

8. अभ्यर्थी अपने समग्र कार्यावधि के दौरान किसी राजनीतिक/कानूनी मामले में शामिल नहीं होगा।

9. अभ्यर्थियों को अपने विशिष्ट क्षेत्र और अन्य जानकारी वाले क्षेत्रों में कक्षाओं, व्याख्यान प्रदर्शन आदि आयोजित कर सप्ताह में कम से कम 40 घंटे कार्य करना होगा।

10. उन्हें मिशन द्वारा सौंपे गए किसी प्रशासनिक/अन्य कार्यालयीन कार्यों को भी करना होगा।

11. नियुक्ति की संपूर्ण अवधि के दोरान स्थानीय संगठनों/संस्थाओं द्वारा प्रदान किए गए किसी भी मानदेय आदि का कोई अतिरिक्त भुगतान (परिषद् द्वारा किए गए भुगतान के अलावा) परिषद् के नाम जमा करने के लिए मिशन के पास जमा करना होगा।

12. परिषद् के पास कोई कारण बताए बिना/ मुआवजा आदि दिए बिना चिकित्सा आधार/ नैतिक भ्रष्टता/ पढ़ाने में अक्षमता अथवा अन्य किसी प्रशासनिक आधार पर उनकी तैनाती अवधि समाप्त होने के पहले अभ्यर्थी को वापस बुलाने का अधिकार होगा।

13. अभ्यर्थी को मिशन के विवेक के आधार पर अवधि की समाप्ति पर 8 दिन की तैयारी समय का हक होगा।

14. नियुक्ति की अवधि के दौरान अभ्यर्थी को प्रतिमाह एक दिन के आक्समिक अवकाश का अधिकार होगा। उन्हें उक्त अवधि के दौरान संचित (आक्समिक अवकाश) लेने का अधिकार भी होगा जबकि किसी अग्रिम अवकाश लेने से मानदेय में कटौती की जाएगी।

15. वे मिशन/आईसीसीआर से संबंधित किसी गोपनीय सूचना अथवा इसके कार्यों से संबंधित सूचना किसी को नहीं देगा जो उनकी नियुक्ति के दौरान उन्हें पता चलता है, जिससे कि मिशन/आईसीसीआर के कार्यकरण प्रभावित हो अथवा इनकी प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचे।

16. अपनी नियुक्ति की अवधि के दौरान वे नियमित/अस्थायी अथवा अंशकालिक आधार पर मिशन के भीतर अथवा मिशन परिसर के बाहर किसी कार्य में शामिल नहीं होंगे जिस कार्य की प्रकृति वाणिज्यिक हो और/अथवा जिससे मौद्रिक या अन्य लाभ होता हो।

17. जिन मामलों को उपर शामिल नहीं किया गया है, उन्हें परिषद् को प्रेषित किया जाएगा जिसका निर्णय अंतिम होगा।

**<u>अन्य निबंधन व शर्तें</u>**

1. सभी आवेदकों को विज्ञापन में दिए गए पद की अनिवार्य अर्हताओं और निर्धारित अन्य शर्तों को पूरा करना होगा। उन्हें सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पूर्व इस बात से संतुष्ट हो जाएं कि वे विभिन्न पदों हेतु निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं।
2. निर्धारित अनिवार्य मानदंड न्यूनतम है और केवल अनिवार्य मानदंडों को पूरा करने से अभ्यर्थी जांच/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का पात्र नहीं बन जाता है। सक्षम प्राधिकारी के पास विषय/ जांच परीक्षा/अन्य उपयुक्तता मानदंडों में उच्चतर अर्हता/अनुभव वर्ष के आधार पर अभ्यर्थियों को छांटने का अधिकार है। इस संबंध में परिषद् का निर्णय अंतिम होगा।
3. यदि कोई दस्तावेज/प्रमाणत्र हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त अन्य किसी भाषा में है तो उक्त दस्तावेज/प्रमाणपत्र के हिंदी/अंग्रेजी ट्रांसक्रिप्ट को राजपत्रित अधिकारी या नोटरी द्वारा सत्यापित किया जाएगा और आवेदन के साथ संलग्न किया जाएगा।
4. अधिकतम आयु सीमा, अर्हता और/अथवा अनुभव हेतु तिथि आवेदन की प्राप्ति हेतु निर्धारित अंतिम तिथि होगी।
5. सरकारी/स्वायत्त/सांविधिक निकायों में कार्यरत अभ्यर्थी उचित माध्यम से आवेदन करें और उनका विधिवत रूप से भरा आवेदन अंतिम तिथि से पूर्व या अंतिम तिथि तक **उप निदेशक सामान्य (ए एंड ई), भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्, आजाद भवन, आई.पी. इस्टेट, नई दिल्ली -110002** के कार्यालय में पहुंच जाए। उन्हें साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' भी देना होगा। यदि वे यह प्रमाणपत्र नहीं देते हैं तो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
6. परिषद् के पास तत्संबंधी कोई कारण दिए बिना इस विज्ञापन में संपूर्ण अथवा किसी भाग में संशोधन, रद्द या बदलाव करने का अधिकार है।
7. इस विज्ञापन के संबंध में कोई शुद्धिपत्र/ आदेश केवल वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे इसके लिए वेबसाइट देखें। समाचार पत्र/रोजगार समाचार में कोई पृथक शुद्धिपत्र प्रकाशित नहीं किया जाएगा।
8. आवेदक अपने द्वारा दी गयी सूचना की शुद्धता के लिए पूर्ण उत्तरदायी होगा। आवेदक द्वारा दी गयी कोई सूचना यदि किसी स्तर पर गलत पायी जाती है तो उन्हें अयोग्य घोषित किया जाएगा और/अथवा सेवा से उन्हें हटा दिया जाएगा।
9. उक्त पद पर नियुक्ति पद पर तैनाती से पूर्व सक्षम चिकित्सा बोर्ड/चिकित्सा प्राधिकरण से शारीरिक फिटनेस के अध्यधीन होगी।
10. अभ्यर्थी को बुलाए जाने पर साक्षात्कार के लिए आना होगा जिसके लिए उन्हें स्वयं वहन करना पड़ेगा। कोई टीए/डीए अनुमेय नहीं है।
11. किसी प्रकार का पत्राचार अथवा व्यक्तिगत पूछताछ पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

12. किसी भी रूप में अनुयाचन उक्त पद की अयोग्यता के रूपा में देखा जाएगा।
13. पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रपत्र में अथवा प्रपत्र के अनुसार एक ओर ए4 आकार के कागज पर साफ-सुथरे टाइप किए प्रपत्र में आवेदन करना है। पासपोर्ट आकार का फोटो और स्व-अभिप्रमाणित सभी प्रमाणपत्रों की प्रतियां, अंक पत्र, आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि संबंधी प्रमाण-पत्र संलग्न करते हुए सभी दृष्टिकोण से पूर्ण आवेदन **उप निदेशक सामान्य (ए एंड ई), भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्, आजाद भवन, आई.पी. इस्टेट, नई दिल्ली -110002** पर पहुंचना चाहिए।
14. प्राधिकरण के पास कोई कारण बताए बिना विज्ञापित किसी या सभी पदों को न भरने का अधिकार है।
15. अनिवार्य अर्हताएं होने से किसी आवेदक को साक्षात्कार में बुलाए जाने /पद के लिए चुने जाने का अधिकार नहीं हो जाता है क्योंकि आईसीसीआर के पास आवेदनों को छांटने की अपनी प्रक्रिया होती है।
16. जिन आवेदनों के साथ आयु, शैक्षणिक योग्यता, अंक, अनुभव प्रमाणपत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रतियां संलग्न नहीं हैं, उन आवेदनों को रद्द कर दिया जाएगा और उन्हें साक्षात्कार में नहीं बुलाया जाएगा।
17. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पूर्व सभी अनुदेशों को ध्यान पूर्व पढ़े अन्यथा उनके आवेदनों को अधिसूचना की शर्तों के अनुसार निम्न कारणों में से किसी के कारण रद्द कर दिया जाएगा।

    (क) निर्धारित तिथि की समाप्ति के बाद प्राप्त आवेदन।
    (ख) निर्धारित प्रपत्र में आवेदन न होना।
    (ग) अभ्यर्थी जिनके पास अपेक्षित अर्हताएं और अनुभव न हों।
    (घ) दिए गए स्थान पर अद्यतन फोटो नहीं लगे आवेदन।

| आवेदक<br>का<br>फोटो |
|---|

## जीवन-वृत्त

1. आवेदित पद
2. पूरा नाम
3. स्थानीय/स्थायी पता

   दूरभाष/मोबाइल नं. और ईमेल आईडी
4. जन्मतिथि
5. वैवाहिक स्थिति
6. विशेषज्ञता क्षेत्र
7. विदित भाषाएं
8. श्रेणी (एससी/एसटी/ओबीसी)
9. शैक्षिक अर्हताएं

(i) औपचारिक शिक्षा

| | 10वीं | 12वीं | स्नातक | स्नातकोत्तर | एम.फिल. | पीएच.डी. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उत्तीर्ण वर्ष | | | | | | |
| प्राप्तांक | | | | | | |
| अंकों का प्रतिशत | | | | | | |

(ii) निम्नलिखित विषयों में प्राप्त अंक

| | 10वीं | 12वीं | स्नातक | स्नातकोत्तर | एम.फिल. | पीएच.डी. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| योग | | | | | | |
| वेद | | | | | | |
| संस्कृत | | | | | | |
| भारतीय इतिहास और संस्कृति | | | | | | |

(iii) तकनीकी अर्हताएं

| डिग्री/डिप्लोमा | विश्वविद्यालय/सं | पाठ्यक्रम की | उतीर्ण वर्ष | प्राप्तांक | अंकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|

| | स्थाओं का नाम | अवधि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ज) पीएच. डी. | | | | | |
| झ) एम. फिल. | | | | | |
| ¥) स्नात्कोत्तर | | | | | |
| ट) अवर स्नातक | | | | | |
| ठ) डिप्लोमा | | | | | |
| ड) प्रमाणपत्र | | | | | |
| ढ़) अन्य कोई | | | | | |
| | | | | | |

10. पेशेवर कार्य/शिक्षण अनुभव (नियोक्ता का नाम, धारित पद, कार्य की प्रकृति आदि)

| क्र.सं. | नियोक्ता का नाम | पदनाम | वेतन | कार्य की प्रकृति | अवधि | | कुल वर्ष/महीना |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | से | तक | |
| 1. | | | | | | | |
| 2. | | | | | | | |
| 3. | | | | | | | |
| 4. | | | | | | | |
| 5. | | | | | | | |

11. वर्तमान नियोक्ता

मूल वेतन, वेतनमान

वार्षिक वृद्धि की तिथि

12. राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भागीदारी

| क्र.सं. | कार्यक्रम का नाम | स्थान | तिथि | देश/राज्य | भागीदारी का स्तर (अकेला/समूह में) | ग्रुप लीडर का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5. | | | | | | |
| 6. | | | | | | |
| 7. | | | | | | |
| 8. | | | | | | |

13. अन्य कोई संगत सूचना:

14. प्राप्त पुरस्कारों/प्रमाणपत्रों का ब्यौरा:

15. विशेष उपलब्धियां

घोषणा

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे आवेदन प्रपत्र में दिए गए सभी विवरण सही, पूर्ण और मेरी जानकारी व विश्वास के अनुसार सही हैं। यदि किसी स्तर पर किसी सूचना के गलत पाए जाने पर मेरा आवेदन रद्द कर दिया जाएगा और यदि

नियुक्ति हो गयी तो मेरी सेवा सूचना दिए बिना रद्द कर दी जाएगी।

मैं एतदद्वारा पूर्ण जानकारी के साथ अपना आवेदन कर रहा/रही हूं कि आईसीसीआर के पास कोई कारण बताए बिना किसी अभ्यर्थी की उम्मीदवारी समाप्त करने का अधिकार है।

(हस्ताक्षर)

तिथि:

स्थान:

नोट: क्रम संख्या.4,8,9,10,11,12,13,14 के अंतर्गत दी गयी सूचना के लिए संगत प्रमाणपत्र/दस्तावेज अथवा प्रेस क्लिपिंग संलग्न करें।